# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 30.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

*********************

हूल दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी संथाल विद्रोह के महान सेनानियों सिद्धो–कान्हू, चांद–भैरव, फूलो–झानो समेत सभी वीर–वीरांगनाओं को नमन किया। उन्होंने कहा कि उनका संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को अन्याय के खिलाफ लड़ने और मातृभूमि की सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से वीर शहीदों के संघर्ष और शहादत को नमन किया। उन्होंने कहा कि अत्याचार के खिलाफ और जल–जंगल–जमीन की रक्षा के लिए आदिवासी अस्मिता की मशाल जलानेवाले पूरखों को आनेवाली पीढ़ी हमेशा याद रखेगी।

*********************

उधर, साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह में आज 'हूल दिवस' के अवसर पर होने वाले विशेष कार्यक्रम से पूर्व पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प की खबर है। जानकारी के अनुसार देर रात कार्यक्रम का पंडाल खोले जाने से आक्रोशित सिदो कान्हू मुर्मू हूल फाउंडेशन के समर्थक जमकर हंगामा किया। हालात बिगड़ता देख पुलिस ने फाउंडेशन के समर्थकों बल प्रयोग किया। साथ ही आंसू गैस के गोले भी छोड़े गये हैं।

*********************

इस बीच भोगनाडीह की घटना की नेता प्रतिपक्ष सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से बाबूलाल मरांडी ने निंदा की है। गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री मरांडी ने कहा कि यह घटना शासन– प्रशासन की हठधर्मिता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हूल दिवस पर लाठियां और गोलियां चलाना दुर्भाग्य पूर्ण है।

*********************

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी तीन जुलाई को झारखंड के दौरे पर आयेंगे। वे रांची में रातू रोड फ्लाईओवर का उदघाटन करेंगे। इसके अलावा वे गढ़वा–रेहला फोरलेन बाइपास सड़क का भी शुभारंभ करेंगे। गढवा में उद्घाटन समारोह को सफल और भव्य रूप देने के लिए सांसद वीडी राम, विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी और केन्द्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य रवीन्द्रनाथ तिवारी ने गढ़वा परिसदन में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

*********************

राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी दो दिवसीय दौरे पर गिरिडीह में हैं । मुख्य सचिव ने जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर क्षेत्र में पर्यटन विकास की संभावनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार भी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गिरिडीह जिला पर्यटन की दृष्टि से अपार संभावनाओं से भरा हुआ है और राज्य सरकार इस क्षेत्र को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

*********************

लातेहार जिले के नेतरहाट घूमने आने वाले पर्यटक यहां के प्राकृतिक सौंदर्य का दीदार तो कर ही रहे हैं, पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रहे हैं।

*********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत बोकारो, लातेहार, रामगढ़, सरायकेला–खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम में कुछ घंटों में बादल, गर्जन और वज्रपात के साथ तेज बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने लोगों को पेड़ों के नीचे नहीं रहने और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है।

***************